भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2692
उत्तर देने की तारीख 04 अगस्त, 2021

इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक

2692. डॉ. डी. एन. वी. सेंथिलकुमार एस. :
श्री कुलदीप राय शर्मा :
डॉ. सुभाष रामराव भामरे :

क्या संचारमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देशभर में डाक विभाग के तहत इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) के कार्यकरण की स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उस उद्देश्य को प्राप्त कर लिया है जिसके लिए आईपीपीबी की स्थापना की गई थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं;

(ग) तमिलनाडु राज्य में खोली गई शाखाओं और एक्सेस पॉइंट्स की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या वैश्विक बैंकिंग संस्थानों सहित कई फर्मों ने कथित तौर पर आईपीपीबी से जुड़ने में अपनी रुचि व्यक्त की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है;

(ङ) क्या आईपीपीबी नियमित काउंटर सेवाओं के साथ-साथ डोरस्टेप बैंकिंग का उपयोग करके ग्रामीण आबादी को पेमेंट बैंक सेवाएं प्रदान कर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इससे लाभान्वित ग्रामीण आबादी की संख्या कितनी है; और

(च) क्या सरकार का तमिलनाडु और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सहित देश के सुदूर और ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे और अधिक आईपीपीबी खोलने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार राज्य मंत्री
श्री)देवुसिंह चौहान(

(क) डाक विभाग के अंतर्गत इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की स्थापना भारत सरकार की 100% इक्विटी के साथ की गई है। वर्तमान में, आईपीपीबी 650 शाखाओं, 1,36,197 डाकघरों तथा लगभग 1.86 लाख डाकियों तथा ग्रामीण डाक सेवकों के द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। आईपीपीबी बचत एवं चालू खाते, धन प्रेषण एवं धनांतरण, प्रत्यक्ष लाभांतरण, बिल एवं जनोपयोगी भुगतान, उद्यम एवं व्यापारी भुगतान तथा आधार आधारित भुगतान प्रणाली (एईपीएस) जैसे विभिन्न उत्पाद मुहैया करा रहा है।

(ख) जी हां। देशभर के डाकघर नेटवर्क का लाभ उठाते हुए वित्तीय समावेशन को और आगे बढ़ाने के मूलभूत उद्देश्य के साथ आईपीपीबी की स्थापना की गई है। इस प्रक्रिया में आईपीपीबी ने 1.36 लाख डाकघरों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाया है और लगभग 1.86 लाख डाकियों एवं ग्रामीण डाक सेवकों को द्वार पर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्मार्टफोन और बायोमेट्रिक डिवाइसों से लैस किया है। वर्तमान में आईपीपीबी के ग्राहक आधार में 4.55 करोड़ से भी अधिक खाताधारक शामिल हैं।

(ग) आईपीपीबी, तमिलनाडु राज्य में अपनी 37 शाखाओं तथा 10952 सेवा केंद्रों के माध्यम से बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं प्रदान कर रहा है।

(घ) जी हां। विभिन्न संस्थाएं एवं संगठन आईपीपीबी के साथ सहयोग के लिए निरंतर इच्छा व्यक्त करते रहते हैं। इन प्रस्तावों पर आईपीपीबी द्वारा विचार किया जाता है, तथा उचित निर्णय लिया जाता है। विवरण **अनुबंध** में प्रदान किया गया है।

(ङ) जी हां। आईपीपीबी ने ग्रामीण क्षेत्रों में 1.20 लाख से अधिक डाकघरों को काउंटर पर बैंकिंग सेवाएं देने में सक्षम बनाया है। आईपीपीबी ने द्वार पर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगभग 1.86 लाख डाकियों एवं ग्रामीण डाक सेवकों को भी स्मार्टफोन और बायोमेट्रिक डिवाइसों से लैस किया है और इस प्रकार ग्रामीण बैंकिंग अवसंरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) को लगभग 2.5 गुणा बढ़ा दिया है। आईपीपीबी के 4.55 करोड़ से भी अधिक ग्राहक हैं, जिनमें से 75% ग्रामीण क्षेत्रों में हैं।

(च) तमिलनाडु तथा अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह सहित देश में सुदूरवर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों में और अधिक आईपीपीबी शाखाएं खोलने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

अनुबंध

'इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक' के संबंध में दिनांक 04.08.2021 के लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं 2692 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

क्र. सं	**संस्था/संगठन का नाम**	**सहयोग का प्रस्तावित क्षेत्र**	**की गई कार्रवाई**
1	पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग	डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जारी करना	करार किया गया
2	भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई)	आधार के लिए मोबाइल नं. अद्यतन करना	करार किया गया
3	महिंद्रा रूरल हाउसिंग फाइनेंस लि.	ऋण की किस्तों के नगद संग्रहण की सेवाएं	करार किया गया
4	पीएनबी मेटलाइफ	प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) प्रदान करने की सुविधा	करार किया गया
5	बजाज अलायंज	जीवन बीमा	करार किया गया
6	बजाज अलायंज/टाटा एआईजी	सामान्य बीमा	करार किया गया
7	मुथूट फाइनेंस	गोल्ड लोन संबंधी लीड रेफरल सेवा	करार किया गया

*****